## न्यूज गैलरी

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में दी गई योजनाओं की जानकारी



**बुढ़मू।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण में बाड़े पंचायत के पंचायत सचिवालय में बुधवार को आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी एवं अंचलाधिकारी बुढ़मू शंकर कुमार विद्यार्थी, प्रमुख सतनारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहू, जिप सदस्य मनोज महतो, झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, मुखिया अनुपा उरांव, भुनेश्वर साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही विभागीय स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।, और आवेदन लिया गया। और योजनाओं की विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। वहीं ग्रामीणों के बीच कंबल आदि का वितरण किया गया।

### फुटपाथ दुकानदार से लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाने की पुलिस ने फुटपाथ दुकानदार से लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम अजय उर्फ विक्की है और वह चुटिया थाना क्षेत्र के हटिया तालाब का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार बजरंगी केसरी नामक व्यक्ति रांची रेलवे स्टेशन रोड में फुटपाथ पर अपनी दुकान लगाते हैं। मंगलवार की रात आरोपी पहुंचा और लोहे का पंच दिखाकर उससे से तीन सौ रुपए और मोबाइल लूट लिया। इसी क्रम में उस इलाके से गुजर रही पीसीआर पुलिस ने लूटपाट कर भाग रहने आरोपी को खदेड़कर पकड़ लिया। आरोपी से पास से पुलिस ने लूटा हुआ पैसा और मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

### पुलिस ने फरार बाइक चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**रांची।** चुटिया थाने की पुलिस ने सात साल से फरार बाइक चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने रातू के कांठीटाड़ निवासी मो इसराइल और मो इस्माइल शामिल है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी सुजाता चौक के समीप एक होटल के सामने से 2015 में बाइक की चोरी की थी। उस वक्त से दोनों आरोपी फरार थे। पुलिस को खबर मिली कि दोनों आरोपी रातू इलाके में है। मंगलवार को पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया।

### पुलिस ने बिजली विभाग के एक कर्मचारी को तार चोरी में किया गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने बिजली विभाग के एक कर्मचारी को तार चोरी कर ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम विवेक कुमार है और वह धुर्वा क्वाटर संख्या एसटी-494 में रहता है। आरोपी विवेक विभाग में मजदूर के रूप में कार्यरत है। वहीं दो अन्य आरोपी सन्नी सिंह उर्फ सुमित सिंह और कमलेश कुमार सिंह फरार हो गया। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार धुर्वा पुलिस की गश्ती टीम रात ढाई बजे गश्त लगा रही थी। इसी क्रम में धुर्वा स्थित विद्युत आपूर्ति हाउस के पास तीन लोग एक स्कूटी में बिजली का तार रख रहे थे। गश्त लगा रही पुलिस की टीम की नजर तीनों पर पड़ी। पुलिस को देखते ही तीनों आरोपी तार व स्कूटी छोड़कर भागने लगे। गश्ती टीम में शामिल जवानों ने खदेड़कर एक आरोपी को दबोच लिया। वहीं अन्य दो आरोपी भाग निकले। पुलिस ने स्कूटी से सात क्वायल तांबा का तार बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी विवेक ने बताया कि उसने बिजली के ट्रांसफरमर से तार की चोरी की थी। उसे बाजार में बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस अन्य दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### डा. अभिजित कर राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान के निदेशक बने

**नामकुम।** वरीय वैज्ञानिक डॉ अभिजित कर ने नामकुम स्थित राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में बुधवार को नए निदेशक के रूप में पदभार संभाल लिया। मौके पर डॉ अभिजित कर ने सभी कर्मियों के साथ बैठक कर अनुसंधान कार्य के साथ ही अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पूर्व निदेशक डॉ केवल कृष्ण शर्मा से मिलकर भी कार्यों की जानाकरी ली।

# रवि केजरीवाल के बयान को ईडी ने माना सत्य, दो कंपनियों में 10.96 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने अवैध खनन में संलिप्तता को लेकर साक्ष्य जुटाए हैं। ईडी ने कोर्ट में दिए प्रोसिक्यूशन कंप्लेन में रवि केजरीवाल के बयान में आए तथ्यों को सही पाने की बात कही थी। अवैध पत्थर व बालू तस्करी का पैसा पंकज मिश्रा के जरिए प्रेम प्रकाश को भेजा जाता था, इसके बाद यह पैसा इंवेस्टमेंट के लिए अमित अग्रवाल को भेजा जाता था। ईडी ने बताया है कि 21 जुलाई को रवि केजरीवाल के द्वारा दिए गए बयान की पुष्टि जांच में हुई है।

**क्या पाया ईडी ने :** ईडी ने जांच में पाया है कि पंजाब नेशनल बैंक के खाता 21881132000179 में 5 करोड़ 65 लाख 17 हजार जमा कराया गया था। यह खाता प्रेम प्रकाश के निदेशन वाली कंपनी मेसर्स हर्बल ग्रीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड का है। वहीं अमित अग्रवाल की कंपनी मेसर्स औरोरा स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड में 5 करोड़ 31 लाख 18 हजार रुपये जमा कराए गए थे। इस तरह दोनों कंपनियों के खातों में 10.96 करोड़ रुपये जमा हुए। ईडी ने जानकारी दी है कि दोनों कंपनियों के खातों में ये पैसे 26 अगस्त 2020 से 8 जनवरी 2021 के बीच जमा हुए। ईडी ने जांच में यह भी बताया है कि जांच के क्रम में कई बैंक खातों व व्यक्तिगत लोगों के बीच लेन देने के सबूत मिले हैं, जो अनुसंधानरत हैं। ईडी ने बताया है कि सारे ट्रांजेक्शन व तथ्यों का मिलान रवि केजरीवाल के बयान से किया गया तो यह सही पाया गया।

### रवि केजरीवाल ने कहा था- प्रेम को जाता था पैसा

रवि केजरीवाल ने अपने बयान में कई सनसनीखेज जानकारियां दी थीं। झामुमो के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल ने ईडी को बताया था कि एक दिन वह मुख्यमंत्री के साथ बैठे थे, तब फोन पर मुख्यमंत्री ने अपने विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को निर्देश दिया था कि संताल परगना से जो भी फंड अवैध बालू या स्टोन चिप्स कारोबार से आता है उसे सीधा प्रेम प्रकाश को पहुंचाएं। इसके बाद यह कहा गया था कि प्रेम प्रकाश यह पैसे अमित अग्रवाल को पहुंचाएंगे। रवि केजरीवाल ने बताया था कि प्रेम प्रकाश की काफी नजदीकी अमित अग्रवाल व हेमंत सोरेन से है। रवि केजरीवाल के बयान में यह बताया गया था कि पूजा सिंघल को अमित अग्रवाल की नजदीकी के कारण ही खनन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

### प्रेम के सीएम व पिंटू से बेहतर संबंध

ईडी ने कोर्ट में रवि केजरीवाल के बयान का जिक्र करते हुए बताया है कि रवि केजरीवाल ने बताया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से भी प्रेम प्रकाश से बेहतर संबंध हैं। पूर्व में प्रेम प्रकाश मिड डे मील में अंडा की सप्लायी करता था, लेकिन बाद में वह पावर ब्रोकर बन गया। इस दौरान वह कई नौकरशाहों व राजनीतिज्ञों के पैसों का फंड मैनेजर बन गया था। उसने अपने प्रभाव से देशी शराब की मैन्यूफैक्चरिंग भी शुरू की थी।

## रांची में यूपीए विधायक दल की हुई बैठक
### पांच नवम्बर को सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन का ऐलान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में सत्ता पक्ष के मंत्री एवं विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता की । बैठक में राज्य में जारी ताजा घटनाक्रम पर लगभग दो घंटे तक मंथन हुआ और महागठबंधन के नेताओं ने पुरजोर तरीके से विपक्ष की साजिशों का मुकाबला करने की बात कही। आगामी पांच नवम्बर को राज्यव्यापी प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया की यू पी ए विधायक दल की बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर गहन चिंतन और विचार हुआ। उन्होंने कहा कि महागठबंधन ने राजनीतिक तरीकों से भाजपा के कुत्सित नीतियों का विरोध करने का निर्णय लिया है ताकि जनता को सच्चाई का पता चल सके। उन्होंने बताया कि महागठबंधन द्वारा आगामी पाँच नवम्बर को सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा और महागठबंधन के नेता जनता को बताएंगे कि जनता के लिए काम करने वाली सरकार को किस प्रकार अस्थिर किया जा रहा है साथ ही आपके द्वार कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास हो रहा है। एक सवाल के जवाब में झामुमो विधायक ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन से मिलने पार्टी कार्यकर्ता रांची आ रहे हैं जो उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है।

### संत माईकल स्कुल मुरी में हैंड वाशिंग डे मनाया गया

**मुरी।** संत माईकल स्कुल मुरी में हैंड वाशिंग डे बुधवार को मनाया गया। जिसमे कक्षा नर्सरी से कक्षा दो के बच्चो ने बड़ी उत्साह एवं उमंग के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों को अच्छी तरह से हाथ धोने की प्रक्रिया बताई एवं हाथो की सफाई के बारे में उन्हें जागरूक किया गया। विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने बच्चो को खाने से पहले तथा बाद में हाथो को साबुन या हैंड वाश से अच्छी तरह से धोने की जानकारी दी तथा सफाई से होने वाली अनेकों फायदे के बारे में बताएं वही विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने स्वयं साबुन से हाथ धो कर हाथ धोने की सही प्रक्रिया की जानकारी बच्चो को दी साथी साथ कहा की कम से कम 20 सेकेंड तक दोनो हाथों को परस्पर अच्छी तरह से रगड़नी चाहिए इससे हाथो की गंदगी एवं कीटाणु अच्छी तरह धुल जाते हैं। दूसरी ओर शिक्षिका संगीता चंद्रा ने भी सफाई की जानकारी देते हुए सभी बच्चो को हाथ धुलाएं एवं बताएं की हर दो घंटो में हाथो को साबुन से धोने की नियमित आदत बनानी चाहिए। इस कार्यक्रम में बच्चों ने हैंड वाश से सबंधित भावना भी दिए एवं जागरूकता के लिए कई तरह के पोस्टर एवं बैनर के साथ उपस्थित हुऐ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका संजुकता सिंह देव ने किया। इस मौके पर शिक्षिका रीना साहु, शोभा शर्मा, दिपिका कुमारी, सीमा कुमारी, श्वेता सिंह आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## 21 दिन की नवजात बच्ची के पेट से निकला आठ नवजात भ्रूण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 21 दिन के नवजात बच्ची की पेट से आठ भ्रूण निकाला गया है। रामगढ़ की रहने वाली बच्ची का जन्म 10 अक्टूबर को हुआ था। सीटी स्कैन के बाद डॉक्टरों को लगा कि उसके पेट में ट्यूमर है। इलाज के लिए बच्ची को रानी अस्पताल में भर्ती किया गया। रानी अस्पताल के निदेशक डॉ राजेश ने कहा कि सीटी स्कैन के दौरान पता चला कि बच्ची के पेट में ट्यूमर है, लेकिन जब ऑपरेशन हुआ तो उसके पेट के अंदर से आठ अविकसित भ्रूण निकाला गया। उन्होंने दावा किया कि ये दुनिया का पहला मामला होगा जब पेट से आठ भ्रूण निकाले गए हैं। उन्होंने कहा कि फिटस इन फेटु के दुनिया भर में 200 से भी कम केस मिले हैं। वो भी पेट से एक भ्रूण निकाला गया है, लेकिन 21 दिन के नवजात बच्ची के पेट से आठ भ्रूण निकालना अचंभित करता है। वहीं पीडियाट्रिक सर्जन डॉ मोहम्मद इमरान ने कहा कि ट्यूमर की शिकायत लेकर बच्ची के परिजन रानी अस्पताल आए थे। बच्चे को अपने निगरानी में रखकर 21 दिन बाद ऑपरेशन किया गया। उन्होंने कहा कि एक-एक कर आठ भ्रूण निकालना अचंभित करता है। हमारे लिए भी ये आश्चर्यजनक है। डॉ इमरान ने कहा कि आगे हमलोग इस पर रिसर्च करेंगे ताकि दुनिया भी जान सके कि झारखंड में एक ऐसा मामला भी सामने आया है। डॉ इमरान ने बताया कि इस ऑपरेशन में डेढ़ घंटे का वक्त लगा है। पीडियाट्रिक सर्जन डॉ मोहम्मद इमरान के नेतृत्व में ऑपरेशन किया गया।

### बिजली की आंख मिचौली से लोग हो रहे काफी परेशान

**सिल्ली।** सिल्ली मुरी में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं वही बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। कहीं-कहीं क्षेत्र में बच्चे को लैंप की रोशनी में पढ़ते हुए देखा जाता है। क्षेत्र में बिजली संध्या 5:30 से 9:00 बजे रात्रि तक काट दी जाती है एवं कभी-कभी बिजली की आंख मिचौली सुबह में भी जारी रहती है। बिजली चली जाने के बाद कब आएगी लोगों को पता तक नहीं चलता है। इस संबंध में जेई से पूछने पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोड सेटिंग कर बिजली दिया जाता है यह लोडसेटिंग कब तक चलेगा इसके बारे में हम नहीं कह पाएंगे क्योंकि बिजली जितनी मात्रा में मिलनी चाहिए उतनी हमें नहीं मिल रही है जिसके कारण लोड सेटिंग कर क्षेत्रों में बिजली सप्लाई करनी पड़ती है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**



नाम–राजेश मुण्ड़ा, उम्र–32 वर्ष, रंग–साँवला, ऊँचाई – 5 फीट 4 ईंच, पहनावा–नीला रंग का फुल बाँह वाला शर्ट एंव नीला रंग का जीन्स पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता पुरूष राजेश मुण्ड़ा, पे0–स्व0 जगरनाथ मुण्ड़ा, सा0–दलादली पुरानी टोली, थाना–नगड़ी जिला–राँची है जो दिनांक 24.09-.2022 को घर से बिना बताए कहीं निकले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए। जिसके संबंध में नगडी थाना सनहा सं0–10/22, दिनांक–25.10.22 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0–2 राँची। –9431706142
थाना प्रभारी नगड़ी, राँची। –9431706176

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 281215 Police(22-23)#D

# ठगों ने मजदूरों से दस हजार रुपये की ठगी की, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में एक बार फिर से ठगों का गिरोह सक्रिय हो गया है। ताजा मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया स्टेशन का है। ट्रेन से उतर कर अपने घर जा रहे दो मजदूरों पर चोरी का इल्जाम लगाकर ठगों ने उनसे करीब दस हजार रुपए की ठगी कर ली। इसके बाद ठगों ने एक मजदूर को जबरन बाइक में बैठाकर बिरसा चौक ले गए। हालांकि मजदूर आरोपियों से खुद छुड़ाकर भाग निकला। घटना बुधवार सुबह की है। इस संबंध में लोधमा निवासी जेठु नायक ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार जेठु नायक और बुधवा नायक लोधमा के रहने वाले हैं। दोनों केरल में एक कंपनी में काम करते हैं। बुधवार की सुबह दोनों केरल से ट्रेन से हटिया स्टेशन उतरे और पैदल अपने घर जाने लगे। इसी दौरान दोनों अपराधी मजदूरों के पास पहुंचे। कहा कि जिस ट्रेन से वे रांची आएं है, उसमें चोरी हुई है। आरोपियों ने दोनों मजदूर पर ही चोरी का इल्जाम लगाने लगे। हालांकि मजदूर चोरी करने की बात इंकार कर रहे थे। बावजूद आरोपी मजदूरों का सामान चेक करना शुरू कर दिया। इसी दौरान मजदूरों के पास करीब दस हजार रुपए थे। उसे आरोपियों ने ले लिया। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**जरबन बैठा लिया बाइक पर :** जेठु ने पुलिस को बताया कि पैसा लेने के बाद आरोपियों ने बुधवा नायक को जबरन बाइक में बैठा लिया। उसे अपने साथ बिरसा चौक से आगे ले गए। इस दौरान उसके साथ आरोपियों ने मारपीट भी की। बिरसा चौक से खूंटी जाने वाले मार्ग में बुधवा को आरोपियों ने उतार दिया। धमकी दी कि दोबारा इस इलाके में नजर आया तो उसे जेल भेज देंगे।

### रातू के हुरहुरी से ब्रह्मबे तक बनने वाली सड़क निर्माण में अनियमितता

**रातू।** जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रातू के हुरहुरी से उठहे नदी होते हुए ब्रह्मबे मार्ग में पथ निर्माण प्रमंडल विभाग की ओर से 20 किलोमीटर सड़क मजबूतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने से निर्माण के कुछ ही दिनों बाद सड़क जगह-जगह टूट कर जर्जर होने लगी है। संवेदक व इंजीनियर द्वारा सड़क निर्माण में अनियमितता बरती गई है। मजबूती करण नाम पर सिर्फ खानापूर्ती कर सरकारी राशि की लूट की गई है। बिना पदाधिकारियों और बिना इंजीनियर की उपस्थिति में ही संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है।

**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी**

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु विभागीय राज्यादेश संख्या–10, दिनांक 21.06.2022 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकाश एवं जीर्णोधार योजना अंतर्गत खूँटी जिला के जलाशयों में अधिष्ठापित केजो एवं पुराने RFF में उपयुक्त मत्स्य बीजों के संचयन का लक्ष्य खूँटी जिला को प्राप्त है। जिसके आलोक में पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीज जैसे अमूर कार्प, पेंगवा इत्यादि के अंगुलिकाओं के क्रय एवं आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकात्ताओं से इच्छा की अभिव्यक्ति दिनांक 12.11.2022 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता को अपने निजी खर्च पर स्वस्थ्य एवं जीवित अवस्था में अच्छे गुणवता वाले पंगाशियस GIFT तिलापिया/अन्य उपयुक्त बीज जैसे अमूर कार्प, पेंगवा आदि का संचयन स्थल तक पहुँचाकर करना होगा। MST/GIFT तिलापिया मत्स्य बीज हेतु certified मत्स्य बीज आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी एवं कम से कम 15 दिनों की उत्तरजीवित्ता जाँच कर संतुष्ट होने के उपरांत ही भुगतान की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी।

PR 281191 Fish(22-23)#D

## बारीडीह पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बारीडीह पंचायत के मध्य विद्यालय बारीडीह के प्रांगण मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, मनरेगा, अंचल, प्रधानमंत्री आवास, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों के लिए लाभूक से आवेदन लिया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूह का बैंक लिंकेज कराया गया। इसके अलावा केसीसी, मुद्रा लोन का आवेदन स्वीकृत किया गया। मनरेगा योजना का नया जॉब कार्ड दिया गया और जबकि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 125 आवेदन प्राप्त हुआ। सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीएस के तहत मुख्यमंत्री फूलों झालो आशीर्वाद योजना, पशुपालन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, 15वें वित्त आयोग से योजना के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावा सोना सोबरन धोती साडी योजना के तहत जरूरत मंदो के बीच धोती, साडी,लुंगी और कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद राम टहल चौधरी , प्रमुख अनुपमा देवी, जिला परिषद सदस्य ओरमांझी पुर्वी सरिता देवी , पंचायत समिति सदस्य शशि मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, अंचलाधिकारी विजय केरकेट्टा, पुर्व मुखिया मानकी राजेन्द्र साही, शैलेन्द्र मिश्र, मुखिया पार्वती देवी, उपमुखिया बनवारी लाल साहु, नागेश्वर महतो, कुदुश अंसारी, सहित वार्ड सदस्य, विभाग के पदाधिकारी कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**



नाम–विशाल कुजूर, उम्र–12 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–4 फीट, पहनावा– नीला टी भार्ट एंव काला रंग का हाफ जीन्स पैंट पहना है।

उपरोक्त संबंध में कहना है कि लापता लड़का विशाल कुजूर, पे0–सुशील कुजूर, पत्ता–बाजार टाँड, बरवाडीह थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार, राज्य–झारखण्ड़ वर्तमान पत्ता–तिरिल ढेला टोली, थाना–सदर, जिला–राँची, राज्य–झारखण्ड़ है, जो दिनांक 23.06.2017 को घर से बिना बताए निकला जो आजतक अपने घर वापस नहीं आया जिसके संबंध में सदर थाना कांड संख्या–339/17, दिनांक–04.07.2017, धारा–363/365 भा0द0वि0 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची। –9431102090
थाना प्रभारी, सदर राँची। –9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR281202 (Police)22-23*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

ई० प्रोक्योरमेन्ट दीर्घकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

T. Reference No. :- DWSD/KH-08(CLUS/SVS)/2021-22 (9th Call), Date 02.11.2022

| Sl.No. | Name of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti. | | | | | |
| | Cluster Name | Block | Estimated Cost (Lakh) | Bid Security (Lakh) | Cost of BOQ (Rs) | Time of Completion |
| 1 | 3 (A) | Arki | 969.18 | 9.70 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 2 | 3 (B) | Arki | 927.79 | 9.28 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 3 | 5 (A) | Karra | 849.52 | 8.50 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 4 | 5 (B) | Karra | 642.69 | 6.43 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 5 | 6 (A) | Karra | 646.73 | 6.47 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 6 | 6 (B) | Karra | 708.34 | 7.09 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 7 | 7 (B) | Karra | 836.92 | 8.37 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 8 | 13 | Murhu | 973.14 | 9.74 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 09.11.2022/05.00 PM. | | | | |
| C) | Document Download Start Date fromWebsite | 09.11.2022/05.00 PM. | | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 30.11.2022/05.00 PM. | | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 01.12.2022/05.00 PM. | | | | |
| F) | Date of Opening of Tender | 02.12.2022/11.00 AM. | | | | |
| G) | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | | |
| H) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | | |
| I) | Helpline No. of e-procurement cell | Mo. No.- 7717776462 | | | | |

नोटः–विशेष जानकारी के लिये वेबसाईटः– http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR281245 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

# न्यूज गैलरी

## विजैया पंचायत में आयोजित होने वाले जनता दरबार के आयोजन स्थल में परिवर्तन



**बरही।** आगामी 11 नवंबर को विजैया पंचायत में आयोजित होने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन स्थल में परिवर्तन किया गया है। अब यह कार्यक्रम उच्च विद्यालय विजैया से हटाकर पंचायत भवन विजैया मे आयोजित किया जाएगा। इसकी पुष्टी बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवार ने पत्र जारी कर किया है। जारी पत्र में बीडीओ ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों नये स्थल पर ही निर्धारित तिथि को स्टॉल लगाकर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत के फरियादियों से भी विजैया पंचायत भवन में ही आवेदन देने की अपील किया है। इसके लिए सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों को भी अपने स्तर से आम जनता तक सूचना पहुंचाने की बात कही है।

## आमलोगों की समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन, राशन व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## ट्रक दुर्घटना में पड़रिया के ट्रक चालक की मौत, गांव में पसरा मातम



**बरही।** बीते रात मलकोको पंचायत के पडरिया निवासी हीरालाल प्रसाद का ट्रक दुर्घटना में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार देर संध्या बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री छोड़ गए है। युवा समाजसेवी सह सूरज दास ने बताया कि मृतक बरकट्ठा का ट्रक चलाया करते थे। जो बीते रात्रि बरवाड्डा के लिए माल लेकर चले थे। परंतु दो किमी पूर्व गोविंदपुर के पास सड़क हादसा में उनका ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें उनकी मृत्यु हो गई। गांव वालों ने बताया कि वह एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। उनकी मृत्यु से गांव में मातम फैला है। अंतिम संस्कार में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, प्रयाग यादव, सूरज दास आदि सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

## मुखिया के पिता का सड़क दुर्घटना में लगा गंभीर चोट, किया गया रेफर

**बरकट्ठा।** प्रखंड के तूइयो पंचायत के वर्तमान मुखिया शंकर रविदास के पिता जागेश्वर रविदास 65 वर्ष का बरही से बरकट्ठा आने के क्रम में घंघरी के समीप टेंपो ड्राइवर का नियंत्रण खोने की वजह से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में सवार जागेश्वर रविदास गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उनका पैर और हाथ टूट गया है। आनन फानन में इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां इलाज करने के पश्चात बेहतर इलाज हेतु धनबाद में रेफर किया गया। बताते चलें कि जागेश्वर रविदास के पुत्र शंकर रविदास तुइयो पंचायत के मुखिया हैं। घटना की सूचना मिलते हैं मुखिया और उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा इन्हें एंबुलेंस से धनबाद भेजा गया।

## मलकोको पंचायत भवन में साथ नवंबर को लगेगा जनता दरबार



**बरही।** जनता की समस्याओं को जनता के द्वार पर ही संपादित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा जनता दरबार पार्ट टू के दूसरे चरण की शुरूआत आगामी एक नवंबर हो चुका है। इसी क्रम में 7 नवंबर को विजैया पंचायत भवन में जनता दरबार का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंचायत के विजय कुमार यादव के द्वारा प्रचार प्रसार का काम जोरो पर है। इस संबंध में उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं को शिविर में लाने के पहले संबंधित दस्तावेज व आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सावित्रीबाई फुले आशीर्वाद योजना, मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, पशुधन योजना, राशन कार्ड अभी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुखिया ने पंचायत वासियों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाने का अपील किया है।

## मरकच्चो में आपकी योजना आपका अधिकार सरकार आपके द्वार आयोजित

**मरकच्चो।** आपकी योजना आपका अधिकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के दशारो पंचायत स्थित सचिवालय के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ पप्पु रज्जक, मुखिया उपासना देवी, उप मुखिया ललिता देवी, पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव, जी वी एम विद्यालय दशारो के प्राचार्य सीता राम यादव, वार्ड सदस्य बसन्ती देवी, तिरुपति देवी, अभिमन्यु राणा, राजेश यादव, अनिल यादव, सन्तोष राना, रघुनाथ राणा, कयूम अंसारी, सुरेश यादव, नजमुल अंसारी के अलावे प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों का 457 आवेदन प्राप्त हुए।

# अक्षय नवमी पर सुहागिनों ने की आंवला पेड़ की पूजा

पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना कर भोजन बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाई जानेवाली अक्षय नवमी पर सुहागिन महिलाओं ने बुधवार को ध्वजाधारी धाम मे आंवला पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना की। इस दिन पेड़ के नीचे खाना बनाकर खाने की परंपरा है। इस बाबत राजेश पांडेय ने बताया कि पेड़ के नीचे बैठने व खाना खाने से कष्ट दूर होता है। उन्होंने कहा कि अक्षय नवमी के दिन किया गया पुण्य कभी समाप्त नहीं होता है। इस दिन शुभ कार्य जैसे दान, पूजा, भक्ति सेवा की जाती है, उसका पुण्य कई जन्म तक प्राप्त होता है। अक्षय नवमी के दिन आंवला के वृक्ष में भगवान विष्णु व शिव जी



का वास होता है। इसलिए अक्षय नवमी के दिन प्रातः उठकर आंवला वृक्ष के नीचे साफ-सफाई करनी चाहिए। इस अवसर पर महिलाओं को कथा भी सुनाई गई। कथा के उपरांत महिलाओं ने आंवला वृक्ष में मौली बांधकर 108 बार परिक्रमा की और इसे बाद महिलाओं ने कुष्मांड दान किया। उन्होंने कहा कि पूजा करने से 108 पीढ़ी का उद्धार होता है। अक्षय नवमी को भुआ के अंदर सोना-चांदी व द्रव्य दान करने से अक्षय की प्राप्ति होती है।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**सतगावां।** थाना क्षेत्र के खैराबर के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान डब्लू कुमार (25 वर्ष, पिता महेंद्र महतो, ग्राम माधोपुर फतेहपुर बिहार), सुभाष कुमार (28 वर्ष, पिता जगदीश महतो, अरवल बिहार) तथा रामदेव महतो (30 वर्ष, पिता गोलू महतो, ग्राम लोदीपुर थाना अकबरपुर) के रूप में की गई है। घायलों को राहगीरों व स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़े देख 108 एंबुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी दिया। 108 की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहां उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुभाष कुमार, रामदेव महतो को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अजय कुमार रवि के द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल रामदेव महतो ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर अपने दोस्त से मिलने आये थे जहां लौटने के क्रम में दुर्घटना हुई है। वही दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को पुलिस के द्वारा जप्त कर थाना लाया गया।

## डीटीओ ने फ्लाई ऐश से ओवरलोडेड लदा चार गाड़ी को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** डीटीओ विजय कुमार के द्वारा केटीपीएस बांझेडीह से बरकट्ठा की ओर जा रही चार हाईवा जब्त किया गया। डीटीओ ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के आधार पर सभी वाहनों को धनबाद रोड आई बी के पास जब्त किए गए है। चारो वाहन में ओवरलोडेड फ्लाई ऐश लोड है। उन्होंने यह भी बताया कि गाड़ी से कुछ तरल पदार्थ भी रिस रहे है, जो जांच से पता चलेगा। जब्त सभी वाहन पर सीएनबीटी की धारा 207 के तहत जब्त कारवाई की जाएगी। जब्त किए गए सभी वाहन फिलहाल बरही थाना में लगाए गए है। डीटीओ ने बताया कि फ्लाई ऐश का उपयोग ब्रिक्स बनाने, सड़क फीलिंग या पेबर ब्लॉक फीलिंग इत्यादि कार्यों में किए जाते है। जब्त किए गए वाहन में जेएच12एम 1779, जेएच 12 के 72991, जेएच 12 एफ 9690 और जेएच 12 के 7702 शामिल है। समाचार लिखे जाने तक सभी गाडियां थाना लाया जा चुका था। प्राथमिकी दर्ज नही हुई थी परंतु डीटीओ के द्वारा प्राथमिकी हेतु थाना में प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही जा रही थी।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गयी भावभीनी विदाई

## शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते : जिप उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर की दो शिक्षिका बिमला तिर्की और सुनैना कुमारी को उनके सेवानिवृति के अवसर पर विदाई कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया मनोज कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन प्रधानाध्यापक मुनेश्वर राम ने किया। उन्होंने बताया कि दोनों शिक्षिकाओं ने अपने सेवाकाल में विद्यालय को निष्ठा पूर्वक सेवा देने का काम किया है। इनके प्यार और अर्पण को विद्यालय परिवार कभी भूल नहीं पाएगा। मार्मिकता के इस पल में सेवानिवृत्त शिक्षिकाओ ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव की चर्चा करते हुए अपने सभी सहयोगियो का आभार प्रकट किया। ज़िप



उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक हमेशा समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले होते हैं। इनका जीवनकाल ही सद्बुद्धि और सदाचरण से भरा पड़ा होता है। जो सदैव अनुकरणीय रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं करते, वह सदैव समाज को रोशनी दिखाने का काम करते हैं। मौके पर लक्ष्मी कुमारी, विजय कुमार दास अजय कुमार दास, संतोष प्रजापति आदि सहित विद्यालय के बच्चे और कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत डीसी ने किया रजरप्पा स्टेडियम का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ चितरपुर प्रखंड स्थित रजरप्पा स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रजरप्पा स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं एवं मैदान को कार्यक्रम के लिए तैयार करने के तहत अब तक कार्यो का जायजा लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल, लोगों के बैठने की व्यवस्था, स्टेज, ग्रीन रूम, डी एरिया, मीडिया सेल,



शिलापट्ट, फायर सेफ्टी, यातायात व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रजरप्पा स्टेडियम के समीप पार्किंग व्यवस्था, सीसीएल गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के दौरान उनके इस्तेमाल के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उपसमाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विधि शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़, प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों, सर्जेंट मेजर, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर, अंचल अधिकारी चितरपुर, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, यातायात निरक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## ठंड लगने से बिरहोर बच्ची की तबीयत बिगड़ी

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत गडगी में एक बिरहोर बच्ची की ठंड लगने से तबीयत खराब हो गई। इसकी पहचान बेबी कुमारी उम्र 1 बर्ष पिता भारत बिरहोर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बच्ची को ठंड लगने से निमोनिया हो गया था, इसके बाद सदर अस्पताल लाया गया। डॉ भारती सिंहा को सूचना मिलने के बाद बच्चे का इलाज किया गया। वहीं इस दौरान कई आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं रहने के कारण दवाएं बाहर से मंगवाई गई। आपको बता दें कि सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं रहने का कारण मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पर स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी इस पर गंभीर नहीं हैं।

## हेमंत सरकार की विफलता को लेकर प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में एक दिवसीय धरना

**बरकट्ठा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला के निर्देशानुसार झारखंड की हेमंत की विफलता के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रखण्ड मुख्यालय में करने को लेकर एक बैठक का आयोजन बुधवार को दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में किया गया।बैठक की अध्यक्षता बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,संचालन बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद के द्वारा किया गया।वहीं मुख्य अतिथि बरकट्ठा संगठन प्रभारी मुकुंद साव,विशिष्ट अतिथि बेडोकला मंडल प्रभारी रामचन्द्र चौधरी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 11 नवंबर को 11बजे पूर्वाहन में दिव्य कल्याण आश्रम से जनाआक्रोश रैली बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय पहूंच कर धरना प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र सौंपेंगे।बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी, पंचायत संयोजक ,बुथ प्रभारी एवं भाजपा के सभी पदाधिकारियों से यह आग्रह किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को धरना प्रदर्शन में लाने का कार्य करें ।आगामी धरना को सफल बनाने के लिए बैठक में सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद,महामंत्री इन्द्रदेव यादव,रतन पासवान ,हीरालाल प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, खलील अंसारी, राजकुमार यादव, अनिल आजाद, दुगानंद झा, मुरलीधर मेहता, छोटेलाल मेहता, सरजू प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, जीवन यादव समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट ने आम सभा का किया आयोजन



- आज यात्रा का होगा आयोजन
- चार नवम्बर को मन्दिर परिसर में कीर्तन का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में निमार्णाधीन श्री श्याम मन्दिर परिसर में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्यगण एवम समिति के ट्रस्टीगण, आजीवन सदस्य, भूमिदाता, मीडिया प्रभारी एवम सभी श्याम भक्त मौजूद थे। मौके पर आगामी 3 नवम्बर को सुबह 10:00 बजे निमार्णाधीन मन्दिर परिसर से निकलने वाली निशान यात्रा सह शोभायात्रा के सम्बंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि यात्रा चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक, फुटबॉल ग्राउंड होते हुए मन्दिर परिसर पहुंचेगी। वहीं, 4 नवम्बर शाम 5:00 बजे से मन्दिर परिसर में कीर्तन का आयोजन होगा। जिसमें राजस्थान सूरजगढ़ के संजय, कोलकाता के किशन जी एवम तन्मय कटवाल अपने सुमधुर भजनों से श्याम भक्तों को सराबोर करेंगे। आम सभा में बताया गया कि श्याम बाबा के इस जन्मोत्सव को भव्य बनाने के लिये सभी के सुझाव लिये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये समिति के सभी सदस्य योगदान दे रहे हैं। मौके पर समिति सदस्य कीर्ति गौरव, सुरेश पी अग्रवाल, सरोज सिंह, कमलेश्वर सिंह, मणिक चंद जैन, बाबूलाल शर्मा, आनंद सर्राफ सहित कई श्याम भक्त मौजूद थे।

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में चेचकपी पंचायत में लगा शिविर

## जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया शिविर का आयोजन : मुखिया रीता देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत में बुधवार को आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टाल लगाए गए जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भीड़ देखी गयी। शिविर का उद्घाटन बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, मुखिया रीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, बीएफटी महेन्द्र टूडू, पंचायत सेवक कैलाश प्रसाद कुशवाहा, पंसस सूर्य मुन्नी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक संख्या में आवेदन पशुपालन से संबंधित, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन तथा राशन के लिए दिए गए। मौके पर उपस्थित बीडीओ व मुखिया ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की



योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब वंचित परिवार को ज्यादा से ज्यादा मिले इस उद्देश्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कहा कि इसके लिए तिथि निर्धारित कर प्रत्येक पंचायत में शिविर आयोजित किया जा रहा है। वही ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने कई कार्यों को लेकर आवेदन दिए। शिविर में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।बीडीओ ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन शीघ्र कर दिया जाएगा। मौके पर रोजगार सेवक विनोद राम, बीपीएम धीरज कुमार शर्मा, पंचायत सचिव कैलाश प्रसाद कुशवाहा, बिजली विभाग से राजेश साव, ग्रामीण दशरथ सिंह,मोहन सिंह, प्रताप सिंह, राजा राम मांझी, हुलास साव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# रस-रस गुण गावो ठाकुर के, मोरे ह्रदय बसहो गोपाल...

गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर सातवें दिन प्रभात फेरी भक्तिभाव से निकली

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर 2 नवम्बर को 7वें दिन की प्रभात फेरी भक्तिभाव से निकली। जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष व महिला शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शबद गाते चल रहे थे। सरदार त्रिलोचन सिंह जस्सल हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर रहे थे। साध संगत हर जियो निमानिया तू मान, ऐसा नाम निरंजन होय जे को मन जाने मन कोई, अमृत वेले बोले बबीहा ता दर सुनी पुकार रस रस गुण गावां ठाकुर के मोरे ह्रदय बसहो गोपाल जैसे मधुर गुरुवाणी के गायन से माहौल को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। 7वें दिन प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से आरम्भ होकर किला मंदिर से होते हुए फुटबॉल ग्राउंड से बिजुलिया निवासी गुरपुरवासी स्व आज्ञाकार सिंह लांबा दे सुपुत्र सरदार कुलविंदर सिंह लाम्बा



दे गृह विचे पहुंची। जहां लांबा साहब के परिवार वालों ने संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार रविन्द्र सिंह छाबड़ा (पंजाब पुस्तक) ने सरदार कुलविंदर सिंह लांबा को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।

**प्रभात फेरी में हुए शामिल :** प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी, जोगिंदर सिंह जग्गी, देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा, गुरप्रीत चना, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, अमरपाल आनंद, राजू जस्सल, सुरेंदर सिंह बेदी, इकबालसिंह, रघुवीर होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, हरदीप होरा, रमन कोहली, बबलू सैनी, नवल मल्होत्रा, राजू जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी, टोनी गांधी रौनक, सुरजीत सिंह छाबड़ा, जसकीरत सिंह भाटिया, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, मीडिया इंचार्ज करमजीत सिंह जग्गी, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी, मनी सिंह, विक्की छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा, सुम्मी जौली, करमजीत कौर जगी, खुशप्रीत कौर जगी, सिमर प्रीत कौर जग्गी, चरणजीत कौर जौली, हरजीत कौर लांबा, कमलजीत कौर लांबा, रविंदर कौर लांबा, सीमा कोहली, रंजू अरोरा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित अन्य शामिल हुए।

## रन फॉर यूनिटी के लिए डीएवी के बच्चों ने लगाया दौड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147वीं जन्म तिथि के अवसर पर डीएवी में रन फॉर यूनिटी के लिए बच्चों के बीच 100 मीटर का अनेक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सत्यम कुमार प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय, सौरव कुमार तृतीय और बालिका वर्ग से सोनी कुमारी प्रथम, वर्षा कुमारी द्वितीय व डॉली कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों को लौह पुरुष की जीवनी और देश के लिए उनके योगदान की कहानियों को बताया। पटेल ने ही देसी रियासतों का भारत में विलय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इनकी दृढ़ सोच और कर्तव्यनिष्ठता सदैव प्रेरित करती है। हम सभी को ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने देश को प्रगति के पथ पर प्रशस्त करने का प्रण लेना चाहिए। कार्यक्रम सफल बनाने में सीसीए इंचार्ज राजेश कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार पांडे और कला शिक्षक लल्लन यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## न्यूज गैलरी

### नीतीश ने टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक जमशेद ईरानी के निधन पर जताया शोक



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक पद्म भूषण डॉ. जमशेद जे. ईरानी के निधन पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने बुधवार को अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. ईरानी को स्टील मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने वर्ष 1990 के दशक में देश के आर्थिक उदारीकरण के दौरान टाटा स्टील का नेतृत्व किया और देश में इस्पात उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में योगदान देने के लिए वर्ष 2007 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनका निधन व्यापार एवं उद्योग जगत के लिये अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में उनकी पूरी संवेदना उनके परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### वन विभाग ने मगरमच्छ को पकड़ कर सुरक्षित गंडक नदी में छोड़ा

**बगहा (एजेंसी)।** बुधवार की दोपहर भारत – नेपाल सीमा पर स्थित गंडक बराज की नियंत्रण कक्ष के सामने सिंचाई विभाग के बने पार्क में गंडक नदी से भटक कर पार्क में जा पहुंचे 6फीट के एक मगरमच्छ को जंगल विभाग ने रेस्क्यू करके गंडक नदी के डाउनस्ट्रीम में सुरक्षित छोड़ा है, गनीमत थी कि कोई अप्रिय घटना पार्क में नहीं घटी। समाचार के मुताबिक गंडक बराज कर्मियों की नजर पार्क में आये उस मगरमच्छ पर पड़ी। सिंचाई कर्मियों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी ।मगरमच्छ की सूचना को गंभीरता से लेते हुए वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के रेंजर अवधेश कुमार सिंह ने वन कर्मियों की टीम को घटनास्थल पर भेजा। वन कर्मियों की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घंटों मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ कर गंडक नदी के डाउनस्ट्रीम नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। रेंजर ने आगे बताया कि पकड़े गए मगरमच्छ की लंबाई लगभग 6 फीट था। इन दिनों गंडक नदी के जल स्तर में भारी कमी आ जाने के कारण जलीय जीव कभी काभार नदी और नहर से निकालकर रिहायशी क्षेत्रों में भटक कर चले आते हैं। रेंजर ने लोगों से अपील की है,कि किसी भी प्रकार के जलीय जीव व वन्यजीव दिखाई दे तो उसके साथ छेड़छाड़ ना करें। इसकी सूचना तुरंत वन कार्यालय को दें।

### कपड़ा व्यवसायी के कर्मचारी से 2.48 लाख से अधिक की लूट

**दरभंगा (एजेंसी)।** बिहार में दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाना क्षेत्र में बुधवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक कपड़ा व्यवसायी के कर्मचारी से दो लाख 48 हजार 500 रुपये लूट लिए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि कपड़ा व्यवसायी रोशन कुमार झा ने अपने एक कर्मचारी विकास कुमार झा को दो लाख 48 हजार 500 रुपये आईडीबीआई बैंक की शाखा में जमा कराने को भेजा। वह जैसे ही न्यू मार्केट जाने वाली मुख्य सड़क से 20 मीटर पीछे टूटी सड़क के पास पहुंचा वैसे ही एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने उसे रोका और हथियार का भय दिखाकर रुपये से भरा थैला छीनकर फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में विकास कुमार झा के बयान के आधार पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार अपराधियों की तस्वीर अपराध स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसके आधार पर पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### नालंदा के राजगीर में प्रकाश पर्व का आगाज

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** गुरुनानक देव जी के 554 वें प्रकाश पर्व उत्सव का आयोजन गुरुद्वारा नानक शीतल कुंड राजगीर में किया गया है। इस वृहत आयोजन के अवसर पर सेवादारों के जत्था राजगीर में आगमन प्रारम्भ हो गया है ।सभी आवासन स्थलों पर हेल्प डेस्क 24 घंटे कार्यरत रहेगा ।इसमें तीन अलग-अलग पालियों में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। पटना से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शटल बस सेवा की व्यवस्था परिवहन विभाग द्वारा की गई है। बड़े वाहनों के पार्किंग के लिए मेला सैरात मैदान तथा छोटे वाहनों के लिए गुरुद्वारा के सामने पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। श्रद्धालुओं के आवासन स्थल से गुरुद्वारा तक आने-जाने के लिए लगभग 150 ई-रिक्शा की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था 24 घंटे तीन अलग-अलग पालियों में उपलब्ध रहेगी। सभी ई-रिक्शा चालकों को परिचय पत्र भी दिया जा रहा है। उनकी अलग से ब्रीफिंग भी की गई है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बुधवार को आरआईसीसी के मिनी ऑडिटोरियम में प्रकाश पर्व के आयोजन के लिए गठित सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों तथा विभिन्न दायित्वों के लिए प्रतिनियुक्त किए गए सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ योगी का एक्शन जारी, सीओ को डिमोट कर बनाया सिपाही

**लखनऊ (एजेंसी)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करते हुए रिश्वत लेने के आरोपित सीओ (सर्किल ऑफिसर) को डिमोट करते हुए सिपाही बनाया है। सरकारी प्रवक्ता ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि साल 2021 में रामपुर सदर के तत्कालीन क्षेत्राधिकारी विद्या किशोर शर्मा पर रामपुर में तैनाती के दौरान रिश्वत लेने का आरोप लगा था। मामला जब शासन तक पहुंचा तो इसकी जांच एएसपी मुरादाबाद से करायी गई और आरोप सही पाए गए। इसके बाद शासन ने उन्हें उनके मूल पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया गया है। उनकी नियुक्ति उप्र पुलिस में सिपाही के पद पर हुई थी, प्रोन्नति पाकर वे डिप्टी एसपी बने थे। जानकारी के मुताबिक, आज से करीब एक वर्ष पूर्व विद्या किशोर शर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। महिला का आरोप था कि कि स्वामी विवेकानंद अस्पताल के संचालक विनोद यादव और तत्कालीन इंस्पेक्टर गंज रामवीर यादव ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। जब वे न्याय के लिए पुलिस के पास पहुंची तो उसे वहां से भगा दिया गया।

### विकास की नयी गाथा लिख रहा हिमाचल प्रदेश, मुख्यमंत्री योगी ने कहा-

# कांग्रेस के एजेंडे में विकास व विरासत का सम्मान नहीं

**हमीरपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश की बड़सर विधानसभा में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि जयराम ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विकास की नई गाथा लिख रहा है। हिमाचल के विकास की ये गाथा रुकनी नहीं चाहिए। इसके लिए हिमाचल में डबल इंजन की सरकार एक बार फिर से आवश्यक है। आदित्यनाथ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक बार फिर से अपने शौय एवं पराक्रम के साथ-साथ विकास एवं समृद्धि के नये पथ पर अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हिमाचल दौरे पर हैं। उनकी बुधवार को कई चुनावी सभाएं हैं। पहली चुनावी सभा हिमाचल के हमीरपुर जिले में हुई। हमीरपुर की चुनावी सभा में योगी ने



कहा कि एक नये भारत के निर्माण के लिए हिमाचल में डबल इंजन की सरकार फिर से आवश्यक है। इसलिए हिमाचल के विकास को तेज गति देने के लिए, हिमाचल के नौजवानों के लिए, ग्रामीण विकास के लिए माताओं बहनों के सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए यहां से भाजपा प्रत्याशी का विजयी होना जरूरी है। आज भारत दुनिया के अंदर अपना परचम लहरा रहा है। मोदी के नेतृत्व में इंग्लैंड को पछाड़कर भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है। वैश्विक मंच पर भारत आज दुनिया का नेतृत्व करता दिख रहा है।

**भाजपा सरकार में आजादी के नायकों का सम्मान**

**योगी** ने कहा कि भाजपा की सरकार में आजादी के नायकों को सम्मान दिया जा रहा है। आस्था के केंद्रों को सजाने-संवारने का काम हो रहा है। कांग्रेस के एजेंडे में विकास और विरासत का सम्मान नहीं है, सैनिकों का भी सम्मान नहीं है। कांग्रेस एक खानदान के विकास तक सीमित है। कांग्रेस ने विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की नई-नई परतें खड़ी कीं। आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में गुलामी के ढांचे को समाप्त कर श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस सरकार होती तो क्या अयोध्या में राम मंदिर बन पाता। काशी में बाबा विश्वनाथ का धाम फिर से संवर चुका है। मथुरा वृन्दावन में जाकर देखिए कितनी भव्यता से काम हुआ है। मध्य प्रदेश के महाकाल और उत्तराखंड के बदरी केदार धाम का विकास हो रहा है। योगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भाजपा का मुकुट है। यहां के लोगों में पहाड़ जैसी दृढ़ता है तो पानी जैसी संवेदना भी है। देश के नौजवानों को सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश की माटी के ही सपूत हैं।

## जदयू एमएलसी नीरज कुमार की तबीयत बिगड़ी

**एयर एंबुलेंस से भेजा गया हैदराबाद**



**पटना (एजेंसी)।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और एमएलसी नीरज कुमार की तबीयत एक बार फिर से बिगड़ गई है। उनकी हालत को देखते हुए एयर एंबुलेंस से उन्हें हैदराबाद ले भेजा गया। हैदराबाद के एआइजी हास्पिटल में उनका इलाज होगा। मंगलवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी गई। उनका इलाज पहले से ही पटना के मेदांता अस्पताल में चल रहा था। जिसके बाद डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद ले जाने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि नीरज कुमार की पिछले दिनों पटना के मेदांता हॉस्पिटल में ही सर्जरी हुई थी। उन्हें पेस मेकर लगाया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद नीरज कुमार अपने मोकामा स्थित गांव छठ पूजा में गए थे और यहीं पर उन्हें कई बार स्ट्रोक आया। किसी तरह आनन-फानन में उन्हें पटना लाया गया। पटना के मेदांता हॉस्पिटल में फिलहाल वह एडमिट है और डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक उन्हें बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद ले जाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य के बारे में उनसे फोन पर बात की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने हैदराबाद के एआइजी हास्पिटल से संपर्क किया। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक नीरज बुधवार की सुबह एयर एंबुलेंस से हैदराबाद जाएंगे। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भी उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली है।

## छठ पर्व के बाद ट्रेनों में बढ़ी भीड़ से परेशान हो रहे प्रवासी

**मोतिहारी (एजेंसी)।** छठ पर्व मनाने गांव आये प्रवासी लोगो को अब वापस काम पर लौटने के लिए काफी परेशानी सामना करना पड़ रहा है। लंबी दूरी की प्रायः सभी ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी लौट रही है। बापूधाम मोतिहारी स्टेशन होकर गुजरने वाली सभी ट्रेन इन प्रवासी लोगो से भरी दिख रही है। जनरल बोगी को कौन कहे, स्लीपर और एसी बोगी में भी तिल धरने का भी जगह नही मिल पा रही है। लोगों को कन्फर्म बर्थ तो छोड़िये कई ट्रेन की आरक्षण स्थिति नो रूम दिखा रही है। जिससे इन प्रवासी लोगो की मुश्किले बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा परेशान तो दूसरे राज्य के विभिन्न निजी कार्यालयों में कार्यरत प्रवासी लोग व छात्र है जिनका कॉलेज या कोचिंग खुल गया है ।नतीजतन ट्रेन की इस हालात का फायदा निजी बस संचालक खूब उठा रहे है। दिल्ली विश्व विद्यालय मे पढाई कर रहे अभिनव व दिल्ली के सरोजनी नगर एक्सिस बैंक में कार्यरत शलैन्द्र ने बताया कि बस वाले



तीन से चार हजार रुपये ले रहे है। वहीं इंफोसिस कंपनी में कार्यरत सतीश कश्यप ने बताया कि फ्लाइट भी इस स्थिति को देख अपने किराया में जबरदस्त बढोतरी कर दिया है। बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर दिल्ली के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंचे टैक्सी ड्राइवर हरिश्चंद्र महतो ने अपना वेटिंग टिकट दिखाते हुए कहते है कि एक महीने पहले वेटिंग टिकट लिया था,अब तक कंफर्म नही हो सका। अब किसी तरह जायेंगे। मोतिहारी स्टेशन प्रबंधक राकेश त्रिपाठी ने बताया कि पर्व त्योहार पर स्वाभाविक रुप से भीड़ होती है। मोतिहारी होकर लंबी दूरी की कई ट्रेन है जिसमे ट्रेन संख्या 12557 सप्तक्रांति एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12211 गरीब रथ, ट्रेन संख्या 14011 चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15654 अमरनाथ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15052 पूर्वांचल एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 09451 भागलपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 19270 पोरबंदर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15001 दून एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 14015 सद्भावना एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनल ट्रेन संख्या 19038 अवध एक्सप्रेस,15705 कठिहार दिल्ली हमसफर 15211 जननायक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13022 मिथिला एक्सप्रेस शामिल है। इसके अतिरिक्त समस्तीपुर रेल मंडल द्वारा कई स्पेशल ट्रेन भी चलाई गयी है। लोगो को जानकारी न होने के कारण परेशानी उठाना पड़ रहा है। लेकिन सच कहा जाय तो इसका सबसे बड़ा कारण बिहार में रोजगार और बेहतर शिक्षा व्यवस्था का न होना है,जिस कारण बड़ी संख्या में लोग पलायन को मजबूर है और हर साल छठ पर्व पर ऐसे कठिनाईयों का सामना करते आ रहे है।

## कुष्मांड दान के साथ अक्षय नवमी का त्योहार सम्पन्न

**नवादा (एजेंसी)।** नवादा नगर सहित जिले के विभिन्न हिस्सों में बुधवार को कुष्मांड दान के साथी अक्षय नवमी का त्योहार संपन्न हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आंवला पेड़ के नीचे भोजन बनाकर ग्रहण किया। बताया जाता है कि आज का दिन आंवला पेड़ के नीचे भोजन करने से प्राणी जीवन के सभी संक्रामक रोगों से बचता है। यही वजह है कि वैज्ञानिकता को लिए लोग धार्मिकता को जगह देख आंवला पेड़ के नीचे पूजा के द्वार भोजन ग्रहण करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय मंत्री डॉ पूनम शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अक्षय नवमी के अवसर पर पूजा अर्चना कर आंवला पेड़ के नीचे भोजन ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश मैं बड़े पैमाने पर अक्षय नवमी



का त्योहार मनाया जा रहा है। हम त्योहार के माध्यम से भारतीय सभ्यता, संस्कृति को मजबूत कर उसे आत्मसात करते हैं। जो धार्मिकता के साथ ही वैज्ञानिकता के सहारे हमारे जीवन को बेहतर बनाता है। आंवला का पूजन भगवान विष्णु का साक्षात दर्शण है। पूनम शर्मा ने कहा कि प्रकृति से जुडे मिट्टी की खुशबू पहचानें, जल, जमीन पेड पौधे की पूजा हमारी सभ्यता का महत्वपूर्ण अंग है। धर्म को अपनाये, परम्परा को निभायें।आधुनिकता का दौड में कहीं कुछ छूट तो नही रहा। यह जरुर समझने की जरूरत है,अगर पाश्चात्य सभ्यता हम जीवन में अंगीकार करते हैं, तो निश्चित तौर पर हमारी वैज्ञानिक भारतीय संस्कृति बर्बाद हो जाएगी। इसका खामियाजा पीढ़ियों को ही भुगतना पड़ेगा।

## अजय राय ने पूछा स्मृति ईरानी से, कहां है 13 रुपये किलो चीनी

**अमेठी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय अपने दो दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने स्मृति ईरानी से सवाल किया कि कहां है 13 रुपये किलो चीनी। पूर्व मंत्री ने सरकार को बेरोज गारी और महंगाई पर घेरते हुए कटघरे में खड़ा किया और कानून व्यवस्था पर के सवाल पर आड़े हाथों लिया। कांग्रेस नेता अजय राय ने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज मे व मीडिया से वार्ता करते हुए कांग्रेस को सशक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना भेदभाव सबको साथ लेकर चलती रही और चलती रहेगी। उन्होंने मंहगाई और कानून व्यवस्था पर विशेष प्रहार करते हुए कहा कि हर आदमी भाजपा राज्य मे इससे त्रस्त है। जब भाजपा चुनाव हारती है। तब महगाई कम कर ती है। उन्होंने आगे कहा हम सभी ने देखा है कि विशेष कर पेट्रोल डीजल की मंहगाई पर जब हारती है,तब रोक लगाती है। प्रत्येक चुनावों में और 2024 के चुनाव में भाजपा को हराईये और समस्याओं से निजात पाईये उन्होंने कहा कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश मे निकाय चुनाव, नगरपालिका व नगर निगम प्रत्येक वार्ड मे लड़ेगी। कौशाम्वी की बलात्कार की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाया कहा कि बुलडोजर कहां है। होली, दीपावली, धनतेरस, ईद, बकरीद, धनतेरस सब फीका रहा। यहां कि सांसद अब कहां है जो सिलेंडर सिर पर लेकर घूम ती थी और 13 रूपया किलो चीनी दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ों यात्रा देश जोड़ने की है, जिसके परिणाम दिख रहे हैं। निकाय चुनाव मे हमारा मुद्दे बढ़े हुए हाउस, पानी व अन्य टैक्स हैं। प्रेस के एक सवाल के जवाब मे उन्होने कहा कि राहुल गांधी अमेठी से दूर नहीं है। राहुल गांधी निश्चित ही यहां से चुनाव लडेगे। हमारी यात्रा प्रत्येक निर्धारित जिले मे है जिसमें हम आम जन से मिल रहे हैं। आपको बता दें की जिले की सीमा में प्रवेश करते ही वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने गरम जोशी के साथ स्वागत किया। प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर मे दर्शन के पश्चात दुगार्पुर, पीपरपुर, भादर, टीकरमाफी, ठेंगहा मोड़, हथ किला, अमेठी कांग्रेस कार्यालय से अंबेडकर तिराहे से होते हुए से सगरा तिराहे पर राजीव जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

## लोक गायिका मालिनी अवस्थी को आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग प्रेरक सम्मान

**पद्मश्री हलधर नाग व पत्रकार कृपाशंकर भी होंगे सम्मानित**

**रायबरेली (एजेंसी)।** युग प्रवर्तक साहित्यकार आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में प्रतिवर्ष दिया जाने वाला प्रतिष्ठित आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग प्रेरक सम्मान इस वर्ष लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी को दिया जाएगा। इसके साथ ही डॉ राम मनोहर त्रिपाठी लोक सेवा सम्मान से ओडीशा के जनकवि पद्मश्री हलधर नाग व प्रभाष जोशी स्मृति पत्रकारिता सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार कृपाशंकर चौबे सम्मानित होंगे। सम्मान समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ल ने बताया कि इस वर्ष एक भव्य समारोह में लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी को युग प्रेरक सम्मान, सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री



हलधर नाग को डॉ राममनोहर त्रिपाठी लोकसेवा सम्मान व प्रभाष जोशी स्मृति पत्रकारिता सम्मान से महात्मा गांधी हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा (महाराष्ट्र) के जनसंचार विभाग के प्रोफेसर कृपाशंकर चौबे को विभूषित किया जाएगा। इस वर्ष का शिवानंद मिश्र लाले स्मृति सम्मान माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद में टॉप एवं प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा कुमारी आस्था श्रीवास्तव को दिया जाएगा।

समिति के कोषाध्यक्ष विनय द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष जनपद में उच्च शिक्षा की अलख जगाने वाले एवं फिरोज गांधी कॉलेज के संस्थापक प्रबंध मंत्री ओमकार नाथ भार्गव का मरणोपरांत नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। उनका यह अभिनंदन उनके सुपुत्र अतुल भार्गव एवं उनके परिवार जन स्वीकार करेंगे।

समिति की ओर से प्रतिवर्ष स्मृति दिवस आयोजित किया जाता है लेकिन स्मृति संरक्षण अभियान के रजत जयंती वर्ष पर इस बार 58 वर्ष बाद दो दिवसीय 'द्विवेदी मेला' आयोजित किया गया है। मेले के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे। सम्मान समारोह 12 नवंबर को शाम 5 बजे से फिरोज गांधी कालेज सभागार में होगा।

### मिथिलांचल के घर-घर में गूंज रहा है सामा चकेबा के पारंपरिक लोकगीत

**सहरसा (एजेंसी)।** मिथिलांचल में लोक संस्कृति, लोक कला और लोक पर्व को अपनी धारा में बसाए लोक उत्सव सामा-चकेवा की तैयारी छठ पर्व के बाद शुरू हो गई है। इस बार 01 नवंबर से शुरू होने वाले मिथिला के इस लोक उत्सव को लेकर कुम्हार परिवार के साथ ही कुछ बहनों ने मिट्टी को खूबसूरत आकार देकर सामा चकेवा और चुगला आदि की प्रतिमा बनाकर मधुर गीत संगीत के साथ शुरू कर दिया है। भाई-बहन के कोमल और प्रगाढ़ रिश्ते को बेहद मासूम अभिव्यक्ति देने वाला यह लोक उत्सव पर्व मिथिला संस्कृति के समृद्धता और कला का एक अंग है। जो सभी समुदायों के बीच व्याप्त बाधाओं को भी तोड़ता है ।छठ के अंतिम दिन सुबह में सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद शाम से शुरू होने वाले इस लोक पर्व की समाप्ति कार्तिक पूर्णिमा की रात होती है। भाई-बहन के अनमोल प्यार के प्रतीक में आठ दिनों तक रात भर महिलाएं सामा खेलती है और अंतिम दिन चुगला का मुंह जलाने के साथ ही इसका समापन होता है। इस उत्सव के दौरान बहनें सामा, चकेवा, चुगला, सतभईयां, टिहुली, कचबचिया, चिरौंता, हंस, सतभैंया, चुगला, वृंदावन सहित अन्य मूर्ति को बांस से बने चंगेरा में सजाकर पारंपरिक लोकगीतों के जरिये भाईयों के लिए मंगलकामना करती है।

# मथुरा : अक्षय पुण्य प्राप्ति को पंचकोसीय परिक्रमा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

- कोरोना काल के बाद पहली बार बच्चे-बूढ़े और जवान सभी में दिखाई दिया उत्साह
- पूरा परिक्रमा मार्ग हरिनाम संकीर्तन और राधे-राधे के स्वरों से होता चल रहा है गुंजायमान



**मथुरा (एजेंसी)।** अक्षय नवमी पर बुधवार को पंचकोसीय परिक्रमा मार्ग पर भक्तों का रेला सुबह से ही उमड़ पड़ा। परिक्रमार्थियों ने अक्षय पुण्य प्राप्ति के लिए नंगे पैर राधे-राधे के जयकारे लगाते हुए प्रभु भक्ति में लीन होकर परिक्रमा शुरू की। परिक्रमा मार्ग पर पूर्वान्ह तक मानव श्रृंखला नहीं टूटी। अनुमान है कि यह परिक्रमार्थियों का सैलाब दोपहर तक और बढ़ेगा। अक्षय नवमी की परिक्रमा हल्की ठंड में मंगलवार आधी रात ही शुरू हो गई थी। बुधवार सुबह होते ही यह सिलसिला इतना तेज हुआ कि परिक्रमार्थियों के रैली से सड़क लबालब हो गई। संकरे मार्ग भी श्रद्धालुओं के कदम रोक नहीं सके। वह तो अपने ईश्वर की भक्ति हर परिक्रमार्थी सराबोर नजर आ रहा है। पूरे परिक्रमा मार्ग में आस्था की डोर में बंधे श्रद्धालुओं से श्रीकृष्ण और राधा का प्रेम रस बरस रहा था। टोलियों के रूप में कोई तीन वन, तो कोई मथुरा की परिक्रमा लगा रहा था। नगर निगम के नगर आयुक्त ने परिक्रमा मार्ग को सुगम बनाने की कोशिश की थी, लेकिन फिर भी श्रद्धालुओं को गंदगी और कीचड़ से निकलना पड़ा। शहर की अंदर और बाहर की कॉलोनियों से लोग परिक्रमा में शामिल हुए। मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा आदि के श्रद्धालुओं ने भी तीन वन और मथुरा की परिक्रमा लगाई। जगह-जगह गन्ना, मूली, गाजर आदि खाने के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने चाट का भी आनंद लिया। कई स्थानों पर मेले जैसा नजारा रहा। समाजसेवियों ने प्याऊ लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की। परिक्रमा मार्ग में जाम से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की थी। जाम से बचने के लिए पुलिस क्वालिटी तिराहा, भूतेश्वर, सरस्वती कुंड आदि क्षेत्र में श्रद्धालुओं और वाहनों को निकलवाती रही। परिक्रमा से पहले कई श्रद्धालुओं ने मथुरा के विश्रामघाट पर यमुना स्नान कर पूजन किया। बंगाली घाट, रंगेश्वर महादेव मंदिर, डैंपियर नगर, भूतेश्वर, कंकाली, पोतराकुंड, सरस्वती कुंड, चामुंडा, गायत्री तपोभूमि, गोकर्णनाथ, मोक्षधाम, गऊघाट पर भारी भीड़ रही। ऐसी मान्यता है कि अक्षय नवमी पर वृंदावन, मथुरा और गरुण गोविंद (तीन वन) की 18 कोसीय परिक्रमा करने से भक्त को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी भावना के साथ भक्त परिक्रमा के लिए निकल पड़े। मथुरा की परिक्रमा में दिक्कतों को जानने के लिए खुद महापौर डॉ. मुकेश आर्य बंधु और नगर आयुक्त अनुनय झा पहुंचे। जहां उन्होंने कमियां मिलने पर तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## किशोर की पानी में डूबने से मौत, परिजनों में कोहराम

**नवादा (एजेंसी)।** जिले के गोविंदपुर में एक किशोर की मौत आहर में डूबने से हुई है। गोविंदपुर पंचायत के डीह पर निवासी गणेश यादव के 14 वर्षीय पुत्र बैठु यादव की मौत हुई है। किशोर अपने मवेशी को चराने निकला था। मवेशी अपने ठिकाने पर लौट गया, लेकिन किशोर नहीं आया। अनहोनी की आशंका के बीच परिजन खोजबीन करने लगे। लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। बुधवार की दोपहर गोविंदपुर-अकबरपुर पथ पर प्रखंड मुख्यालय के आगे मोती आहर में तैरता हुआ शव पाया गया। खबर के बाद घटनास्थल पर भीड़ लगनी शुरू हो गयी। गोविंदपुर मुखिया अनुज सिंह भी सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को रोते-बिलखते स्वजनों को सांत्वना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है ।मृतक के स्वजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। शव को देखकर दहाड़ मारकर रोने लगे। पिता गणेश यादव ने बताया



कि मेरा बेटा बैठु अपने सभी मवेशी को चराने के लिए पास के बाघार में गया था। जानवर अपने बाथान पर लौट आया, पर मेरा बेटा नही आया। उस वक्त लगा की वह बाजार में होगा। लेकिन फिर भी नही लौटा तो खोज बीन करने लगा। गांव और बाजार में भी खोजा लेकिन कहीं भी नही मिला। पता चला कि मोती आहार में शव पड़ा हुआ है। इस बीच गोविंदपुर बीडीओ ने पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये, पूर्व मुखिया पारसनाथ शर्मा के भाई विजय सिंह नेतीन हजार रुपये और गोविंदपुर मुखिया ने भी 3 हजार रुपये सहायतार्थ दिया। फिलहाल, किशोर पानी में कैसे डूबा यह साफ होना बाकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अर्थव्यवस्था को गिरने से रोकने के लिए जल्दबाजी में सख्त कदम उठाने से बचे : दास



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को अपनी नीतियों का बचाव करते कहा कि अगर समय से पहले ब्याज दरों को सख्त करना शुरू कर दिया होता तो अर्थव्यवस्था में वृद्धि नीचे की ओर मुड़ जाती। दास ने बुधवार को यहां बैंकरों के वार्षिक एफआईबीएसी सम्मेलन में मुद्रास्फीति लक्ष्य से चूकने के लिए आलोचना के बीच यह कहा है। दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में मजबूत और आशावाद की कहानी के रूप में देखा जा रहा है और मुद्रास्फीति के अब नरम होने की उम्मीद है। यह स्वीकार करते हुए कि बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण केंद्रीय बैंक अपने प्राथमिक लक्ष्य से चूक गया है, दास ने कहा कि प्रतितथ्यात्मक पहलू की भी सराहना करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, अगर हमने जल्दी सख्त या आक्रामक रुख अपनाया होता तो यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महंगा पड़ता। यह इस देश के नागरिकों के लिए भी महंगा होता और हमें इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती। दास ने कहा, ह्यह्यहमने ब्याज दरों को आक्रामक रूप नहीं बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित होने से रोका है। आरबीआई अर्थव्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया को बाधित नहीं करना चाहता और इसे सुरक्षित स्थिति की तरफ मोड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के लक्ष्य से चूकने को लेकर सरकार को जवाब देने के लिए ब्याज दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बृहस्पतिवार को बैठक कर रही है। आरबीआई गवर्नर ने साथ ही सरकार को लिखे जाने वाले पत्र को सार्वजनिक न करने के आरबीआई के कदम का भी बचाव किया। आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार अधिक व्यापक, समय पर और लक्षित राजकोषीय, मौद्रिक और नियामकीय नीतियों पर आधारित है। वहीं, रुपये में गिरावट पर चल रही बहस के बीच दास ने सभी से स्थिति को भावनात्मक रूप से नहीं देखने को कहा और जोर दिया कि घरेलू मुद्रा ने व्यवस्थित तरीके से प्रदर्शन किया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की शुरूआत देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है और यह व्यापार करने के तरीके को बदल देगी।

## महंगाई से बड़ी राहत, 40 पैसे सस्ता हुआ पेट्रोल और डीजल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महंगाई की मार से परेशान आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। 1 नवंबर 2022, मंगलवार से पेट्रोल और डीजल 40 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है। नई कीमतें मंगलवार सुबह छह बजे से प्रभावी हो गईं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपए, कोलकाता में 106.03 रुपए, मुंबई में 106.31 रुपए और चेन्नई में 102.63 रुपए प्रति लीटर थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट को देखते हुए इस राहत की उम्मीद की जा रही थी। कच्चे तेल की कीमत पिछले कुछ समय से 95 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी हुई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट छह महीने से अधिक समय तक स्थिर रहने के बाद आई है। इनके दामों में आखिरी कटौती इसी साल 7 अप्रैल को की गई थी। माना जा रहा है कि डीजल सस्ता होने का असर अन्य वस्तुओं के दामों पर भी पड़ेगा, क्योंकि पिछले दिनों से माल भाड़े के नाम पर चीजों के दाम बढ़ाए जा रहे थे। राहत की खबर के बीच राजनीति भी शुरू हो गई है। विपक्ष दल कह रहे हैं कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा की केंद्र सरकार ने दाम गिराने का फैसला किया है। विपक्षी नेता कह रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों पिछले कई दिनों से स्थिर है, लेकिन सरकार ने अब दाम कम किए हैं। इसी बहाने देश में बढ़ती महंगाई के लिए भी सरकार को जिम्मेदार बताया जा रहा है। एसएमएस के जरिए अपने शहर में आईओसीएल के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमत जानने के लिए आरएसपी कोड टाइप करें और 9224992249 पर भेजें।

## न्यूज गैलरी

### जियो प्लेटफार्म पर दुकानदारों के लिए स्पोर्ट्सवियर की थोक खरीद की सुविधा

नयी दिल्ली। देश में छोटे-बड़े स्पोर्ट्स स्टोर और फैशन रिटेल आउटलेट के लिए खरीद की सुविधा बढ़ाने के लिए रिलायंस रिटेल के नए बिजन-टू-बिजनस न्यू-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, जियो बिजनस ने एथलेटिक ब्रांड- एक्सलेरेट पेश किया है। रिलायंस रिटेल की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार छोटे बड़े स्टोर और खुदरा कारोबारी जियो बिजनस पर पंजीकृत हो कर एक्सलेरेट उत्पादों का ऑर्डर दे सकते हैं। प्लेटफार्म ने हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या को ब्रांड का एंबेसडर बनाया गया है। रिलायंस रिटेल के प्रेसिडेंट और सीईओ - फैशन और लाइफस्टाइल अखिलेश प्रसाद ने कहा, एक्सलेरेट के बेहतर और किफायती उत्पादों में भारतीय ग्राहकों को खुश करने की ताकत है। ब्रांड के एंबेसडर हार्दिक पांड्या होंगे। यह ब्रांड स्पोर्ट्स शूज, सैंडल और अपैरल की कैटेगरी में युवाओं की जरूरतों का ध्यान रखेगा। हार्दिक पांड्या ने कहा, मुझे एक्सलेरेट के साथ जुड़कर प्रसन्नता हो रही है। मुझे लगता है कि उनके पास उत्पादों की एक बेहद स्टाइलिश और आरामदायक रेंज है। जियो बिजनस रिलायंस रिटेल की न्यू-कॉमर्स शाखा है। जो देश भर के खुदरा विक्रेताओं और व्यापारियों के साथ साझेदारी में काम करती है। कंपनी खुदरा कारोबारियों को 5000 से अधिक फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांडों की व्यापक रेंज उपलब्ध कराती है।

### अमृत लाल मीणा बने कोयला सचिव

नयी दिल्ली। अमृत लाल मीणा ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय में कोयला सचिव का पदभार संभाल लिया है। यह जानकारी मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। उन्होंने डॉ अनिल कुमार जैन का स्थान लिया है जो जो सेवानिवृत हुए हैं। श्री मीणा भारतीय प्रसाशनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी हैं। इससे पहले वह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग में विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) पद का दायित्व संभाल रहे थे। विज्ञप्ति के अनुसार श्री मीणा ने सोमवार को अपनी नयी जिम्मेदारी संभाली।

### शक्कर सस्ती, खाद्य तेलों में तेजी दलहनों में नरमी, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर खरीदी सुस्ती से सस्ती बिकी। खाद्य तेलों में मजबूती दर्ज की गई। तिलहन ऊंचे रहे। दलहनो में नरमी रही। दालों में भाव गिरावट लिए बताए गए। शक्कर में मांग घटी रही। बुधवार को शक्कर में कामकाज 3650 से 3680 रुपये के स्तर पर हुआ। शक्कर में 06 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा में कामकाज बने से तेजी दर्ज की गई। खाद्य तेलों में तेजी रही। आज पाम तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड बढ़ कर बिका वहीं तिलहन में प्लान्टो की लिवाली से सुधार रहा। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मसूर में नरमी रही। आज दालों में मांग से भाव कमी से गिरावट दर्ज की गई। चावल में खरीदी साधारण रही।

### सरकार ने एथनॉल की कीमत बढ़ाई

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को पेट्रोल में मिलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले एथनॉल की कीमत बढ़ा दी। गौरतलब है कि सरकार पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने दिसंबर, 2022 से शुरू होने वाले आपूर्ति वर्ष के लिए एथनॉल की कीमत को बढ़ाकर 65.60 रुपये प्रति लीटर करने का फैसला किया। यह अभी 63.45 रुपये प्रति लीटर है। सूत्रों ने बताया कि सी-हेवी शीरे से बनने वाले एथनॉल की दर 46.66 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 49.40 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह बी-हेवी शीरे से बनने वाले एथनॉल की दर 59.08 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 60.73 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

### जेएसडब्ल्यू समूह की कर्नाटक में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना

बेंगलुरु। जेएसडब्ल्यू समूह की कर्नाटक में अगले पांच साल में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है। कंपनी के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने बुधवार को यहां राज्य वैश्विक निवेशक बैठक (जीआईएम) के इन्वेस्ट कर्नाटक-2022 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार से खनिज नीलामी पर विचार करने का भी अनुरोध किया। जिंदल ने कहा कि समूह ने अबतक कर्नाटक में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। उन्होंने आगे कहा, ह्यह्यहमारी अगले पांच साल में अतिरिक्त एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है।

## आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक समेत इन चार बैंकों का लोन हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** आरबीआई की तीन नवंबर को बैठक होने वाली है। इससे दो दिन पहले ही चार बड़े बैंकों आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक ने एमसीएलआर में बढ़ोतरी की है। नई दरें 1 नवंबर से लागू हो गई हैं। बता दें एमसीएलआर वह दर होती है जिससे कम दर पर बैंक कर्ज नहीं दे सकते। इसे 2016 में आरबीआई ने शुरू किया था। आरबीआई ने इस साल मई से अब तक रेपो में चार बार में 1.90 फीसद की बढ़ोतरी की है। अप्रैल तक 6.60 फीसद रेट पर मिलने वाला लोन अब कम से कम 8 फीसद पर मिल रहा है। एमसीएलआर में 0.20 फीसद की बढ़ोतरी की है। एक साल का एमसीएलआर अब 8.30 फीसद होगा, जो पहले 8.10 फीसद था। एमसीएलआर को 0.30 फीसदी बढ़ाया है। इससे एक साल की दर अब 8.05 फीसद होगी जो पहले 7.75 फीसद थी। तीन साल की दर 8.05 से बढ़कर 8.35 फीसद हो गई है। इसने 0.15 फीसद तक की बढ़ोतरी की है। एक साल का एमसीएलआर दर अब 7.95 फीसद होगी जो पहले 7.80 फीसद थी। इंडियन बैंकः बैंक ने एक दिन की एमसीएलआर को 0.35 फीसद बढ़ाकर 7.40 फीसद कर दिया है। खुदरा कर्ज बैंकों के कुल कर्ज में 29 फीसद हिस्सा रखता है।

## गुजरात में प्रयोगशाला में विकसित हीरे के प्रोत्साहित करने की पहल की सराहना



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुजरात सरकार द्वारा प्रयोगशाला में विकसित हीरे के उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहित करने के गुजरात सरकार के कदमों की सराहना है। प्रयोगशाला में विकसित हीरा (एलजीडी) उद्योग पर राजधानी में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री गोयल ने गुजरात में हीरा विकसित करने वाली प्रयोगशालाओं को पांच साल के लिए बिजली शुल्क पर 100 प्रतिशत छूट की पेशकश का विशेष रूप से जिक्र किया। श्री गोयल ने उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार द्वारा डलजीडी को विशेष प्रोत्साहन वाले क्षेत्र के रूप में चुना गया है। राज्य सरकार ने 'औद्योगिक मशीनरी और उपकरण' और 'विद्युत मशीनरी और उपकरण' उद्योग को भी विशेष प्रोत्साहन के क्षेत्र में लिया है। इसका लाभ राज्य में एलजीडी भट्टी निमार्ताओं द्वारा उठाया जा सकता है। गुजरात ने कृत्रिम हीरा उद्योग को ब्याज लागत और कर में रियायतें, एलजीडी के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए विकास एवं अनुसंधान कार्य में समर्थन, मौजूदा कार्यबल के लिए कौशल उन्नयन को प्रोत्साहित करने के लिए कौशल विकास सहायता आदि सहित कई प्रोत्साहनों की पेशकश है। राज्य सरकार इस क्षेत्र की इकाइयों को श्रमिकों के मूल वेतन के 12 प्रतिशत तक या अधिकतम 1800 रुपये प्रति माह तक ईपीएफ में नियोक्ता के योगदान के बराबर प्रतिपूर्ति कर रही है। यह प्रोत्साहन 10 वर्षों की अवधि के लिए है। बड़ी इकाइयों ब्याज सब्सिडी और शुद्ध एसजीएसटी की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति की पेशकश भी की जा रही है। राज्य में इस क्षेत्र की वृहद इकाइयां 20 वर्षों में पूंजीगत वस्तुओं पर कर के 100 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति का दावा कर सकती हैं। सरकार प्रौद्योगिकी अधिग्रहण के लिए लागत का 65 प्रतिशत या अधिकतम 50 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान कर रही है। बैठक में रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के सदस्य और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित थे।

## अगले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री 10 लाख इकाई पर पहुंचेगी : रिपोर्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** घरेलू वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) की बिक्री में अगले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है और अगले वित्त वर्ष (2023-24) तक सीवी की कुल बिक्री 10 लाख इकाई के करीब पहुंचने का अनुमान है। बुधवार को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग की रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन लागत बढ़ने के बावजूद बढ़ती मांग की वजह से सीवी-केंद्रित मूल उपकरण विनिमार्ताओं (ओईएम) का मुनाफा बढ़ेगा। इसमें कहा गया है कि हल्के सीवी खंडों में सतत वृद्धि के साथ मध्यम और भारी सीवी खंड में कई साल के निचले स्तर से पुनरुद्धार से अगले वित्त वर्ष तक कुल सीवी बिक्री करीब 10 लाख इकाई पर पहुंच जाएगी। यह खंड वित्त वर्ष 2018-19 में उच्च स्तर पर था।

## फर्जी तरीके से 27 करोड़ रुपये की कर चोरी मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने 27 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी मामले में एक 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीएसटी विभाग ने फर्जी तरीके से आईटीसी का लाभ और जीएसटी रिफंड का दावा करने वाली कंपनियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया है। अधिकारी के अनुसार, जांच में पाया गया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने गैर-प्रमाणित कंपनियों को बैंक खाते खोलने और परिचालन शुरू करने में मदद की थी और इस तरह 238 करोड़ के नकली बिल जारी किये थे।

## फेरोसिलिकॉन, फेरोनिकेल ग्रेड के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश की समयसीमा बढ़ी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने फेरोसिलिकॉन और फेरोनिकेल के दो ग्रेडों के लिए इस्पात और इस्पात उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने की तारीख तीन महीने बढ़ाकर जनवरी, 2023 कर दी है। इस्पात मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार, भारतीय मानकों (आईएस) 1110:1990 फेरोसिलिकॉन विनिर्देश और फेरोनिकल के लिए आईएस 4409:1973 को लागू करने की तिथि आगे बढ़ाया गया है। यह पहले 22 दिसंबर, 2020 थी और बाद में इसे बढ़ाकर 26 अप्रैल, 2022 कर दिया गया था। एक नवंबर को जारी अधिसूचना में कहा गया कि समयसीमा में 23 जनवरी, 2023 तक यानी तीन महीने के लिए विस्तार किया गया है। एक विशेषज्ञ के अनुसार ह्यकोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएंटेड स्टील (सीआरजीओ) और अलॉय स्टील बनाने के लिए फेरोसिलिकॉन का आयात भूटान, दक्षिण अफ्रीका आदि देशों से किया जाता है।

## मेदांता ब्रांड की कंपनी का आईपीओ मालामाल करेगा या कंगाल, जीएमपी से मिले संकेत




**नई दिल्ल।** मेदांता ब्रांड के तहत अस्पतालों का परिचालन और प्रबंधन करने वाली कंपनी ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 3 नवंबर यानी कल लॉन्च होगा। इस आईपीओ के जरिए निवेशक मालामाल होंगे या फिर नुकसान झेलना पड़ेगा, इसके लिए ग्रे मार्केट प्रीमियम यानी जीएमपी के संकेतों को समझना जरूरी है। क्या है जीएमपीः ग्लोबल हेल्थ का जीएमपी अभी 35 रुपये है। मतलब ये हुआ कि लिस्टिंग के दिन निवेशकों को प्रति शेयर 35 रुपये तक का फायदा हो सकता है। आईपीओ के लिए इश्यू प्राइस 319-336 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। अगर अपर प्राइस से देखें तो शेयर की लिस्टिंग 371 रुपये पर हो सकती है। ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड का 2,206 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 7 नवंबर तक खुलेगा। वहीं इसका लॉट साइज 44 शेयरों का है। रिटेल निवेशक 13 लॉट पर दांव लगा सकते हैं। इसके साइज का आधा हिस्सा पात्र संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित है। इसके अलावा 35 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए और शेष 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित किया गया है। 6 नवंबर 2022 को स्टॉक एक्सचेंज-बीएसई और एनएसई पर कंपनी की लिस्टिंग होने की उम्मीद है। कोटल महिंद्रा कैपिटल कंपनी, क्रेडिट सुइस सिक्योरिटीज (इंडिया), जेफरीज इंडिया और जेएम फाइनेंशियल आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## भूमि बहाली अभियान में निवेशकों को जोड़ने के लिए डब्ल्यूआरआई, संगम वेंचर्स का दिल्ली में आयोजन

◆संगम वेंचर्स के फाउंडर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिक चंद्रशेखर ने मंगलवार को यहां कहा, वर्षों से गहन कृषि के कारण हमारी मिट्टी की उर्वरक क्षमता समाप्त हो गई है।



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पड़ोसी देशों में उपजाऊ भूमि की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भूमि बहाली अभियान चला रहे अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) इंडिया ने राजधानी में निवेशकों और उद्यमियों का तीन दिवसीय एक आयोजन किया जिसमें इस कार्य को स्टार्टअप व्यवसाय के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है। डब्ल्यूआरआई इंडिया और संगम वेंचर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम लैंड एक्सेलेरेटर साउथ एशिया-इम्पैक्ट डेज 2022 में 34 उद्यमियों ने वन क्षेत्रों और कृषि भूमि की बहाली की दिशा में काम करते हुए अपने व्यावसायिक मॉडल 15 प्रमुख प्रभाव वाले निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का कल समाप्त होगा। संगम वेंचर्स के फाउंडर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिक चंद्रशेखर ने मंगलवार को यहां कहा, वर्षों से गहन कृषि के कारण हमारी मिट्टी की उर्वरक क्षमता समाप्त हो गई है। अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर छलांग लगाने के लिए, जिस तरह से हम खाद्यान्न का उत्पादन, वितरण और उपभोग करते हैं और भूमि के साथ हमारे संबंधों और हमें खिलाने वाले लोगों के साथ हमारे रिश्तों को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि यह प्रोग्राम किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने और जैव विविधता को संरक्षित करने और उपभोक्ताओं और उत्पादकों को अधिक जिम्मेदार खपत और उत्पादन के लिए तैयार करने के साथ-साथ खेतों और जंगलों को बहाल करने के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस विकसित करने वाले उद्यमियों का समर्थन करता है।

## सरकार ने शुरू की नई सुविधा, घर बैठे-बैठे बन जाएगा राशन कार्ड

**नई दिल्ली।** सरकार की तरफ से गरीबों को कम कीमत पर राशन कार्ड के जिरये गेहूं और चावल मुहैया कराया जाता है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना है। अगर आप भी सरकार की राशन योजना का फायदा उठाने के लिए राशन कार्ड बनवाना चाहते हैं तो हम आपको पूरी प्रक्रिया बता देंते हैं। दरअसल, कुछ लोग राशन कार्ड केवल इसलिए नहीं बनवा पाते क्योंकि उन्हें इसके प्रोसेस के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती। इसे बनवाने के लिए कई सरकारी डॉक्यूमेंट्स की जरूरत होती है। इसे बनवाने के लिए कई बार इधर-उधर चक्कर काटना पड़ता है। यहां हम आपको बताएंगे कि घर बैठे राशन कार्ड को कैसे बनवाया जा सकता है।

# सिर्फ 30 दिन में 5जी नेटवर्क पर ग्राहकों का आंकड़ा 10 लाख के पार हुआ : एयरटेल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने बुधवार को कहा कि 5जी सेवा की वाणिज्यिक शुरूआत के 30 दिन के भीतर इस नेटवर्क पर उसके ग्राहकों की संख्या दस लाख से अधिक हो गई है। उसने बताया कि नेटवर्क निर्माण अब भी जारी है। एयरटेल ने 5जी सेवाओं की दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, सिलीगुड़ी, नागपुर और वाराणसी में चरणबद्ध तरीके से शुरूआत की घोषणा की थी। कंपनी ने बताया कि इन शहरों में 5जी सेवा चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है क्योंकि नेटवर्क का निर्माण अभी चल ही रहा है। कंपनी ने बयान में कहा, ह्यह्यभारती एयरटेल आज यह घोषणा करती है कि हमने अपने नेटवर्क पर दस लाख 5जी उपयोगकर्ताओं के आंकड़े को पार कर लिया है। कंपनी ने यह पड़ाव सेवाएं वाणिज्यिक तौर पर शुरू होने के 30 दिन के भीतर और ऐसे समय हासिल किया है जबकि नेटवर्क का निर्माण जारी है।" भारती एयरटेल के मुख्य तकनीकी अधिकारी रणदीप सैखों ने कहा अभी तो शुरूआत है और उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया काफी उत्साहजनक है। उन्होंने बताया, हमारा नेटवर्क निर्माण प्रतिदिन हो रहा है। कुछेक अपवादों को छोड़कर सभी 5जी उपकरण एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क पर काम करने में अब सक्षम हैं, आगामी हफ्तों में ये उपकरण भी इस नेटवर्क पर काम करने लगेंगे।" सैखों ने कहा, पूरे देश को जोड़ने के उद्देश्य के साथ हम नेटवर्क का विस्तार जारी रखेंगे।

## अडानी ग्रुप का अडानी एंटरप्राइजेज का स्टॉक रिकॉर्ड हाई के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेयर मार्केट में इस साल अडानी ग्रुप की कंपनियों कई कंपनियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। इसमें निवेशकों को मालामाल करने वाली लिस्ट में अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी के तिमाही नतीजे गुरुवार को जारी किए जाएंगे। इससे पहले कंपनी के शेयर अपने रिकॉर्ड हाई के करीब पहुंच गए हैं। बता दें, इस साल अडानी एंटरप्राइजेज ने पोजीशनल निवेशकों का पैसा डबल कर दिया है। अडानी एंटरप्राइजेज शेयरों की कीमतों में पिछले 5 साल से लगातार उछाल देखने को मिली है। इस दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 3500 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, अडानी एंटरप्राइजेज ने इस साल सितंबर में निफ्टी 50 इंडेक्स में जगह बनाई है। अडानी की इस कंपनी ने श्री सीमेंट को रिप्लेस किया था। मौजूदा समय में कंपनी के शेयर रिकॉर्ड हाई से 8 प्रतिशत ही दूर है। साल 2022 में कंपनी के शेयरों की कीमतों अबतक 108 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। 6 महीने पहले जिस किसी निवेशक ने अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर पर दांव लगाया होगा उसका रिटर्न अबतक 58.75 प्रतिशत तक बढ़ गया होगा। वहीं, पिछले एक महीने के दौरान अडानी ग्रुप के इस स्टॉक ने 13.32 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। एक साल पहले अडानी एंटरप्राइजेज के एक शेयर की कीमत 1472 रुपये थी। जोकि अब बढ़कर 3584 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी इस दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 143 प्रतिशत तक की उछाल देखने को मिली है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान अडानी एंटरप्राइजेज का नेट प्रॉफिट 73 प्रतिशत तक बढ़कर 469 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

## पेज एक के शेष

### राज्य के 30...

पत्र बनवाये जा रहें हैं। जल्द ही इसके लिए विशेष शिविर लगाकर किसानों को निबंधित करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी योजना है कि हर खेत में 12 महीने पानी उपलब्ध हो, इस बाबत कार्ययोजना बनायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से नौ लाख बच्चियों को लाभान्वित करने की योजना है। इसमें लगभग दो लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1.25 लाख आवेदन स्वीकृत भी कर लिये गये हैं। इन बच्चियों को योजना का लाभ भी मिलना आरंभ हो जायेगा। सरकार बुजुर्गों, विधवा, दिव्यांग एवं एकल महिला को सर्वजन पेंशन से जोड़ ही रही है। आदिवासी, पिछड़े आदि के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें सरकारी खर्चे पर विदेश पढ़ने के लिए भेजा जा रहा है। झारखंड के बेहतर भविष्य के निर्माण हेतु मॉर्डन स्कूल बनाये जा रहे हैं। कल्याण विभाग द्वारा बनाये गये आदिवासी छात्रावास का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

### सीएम समेत कई...

सरकार थी। यदि उस वक्त कानून अपना काम कर रही थी, तो आज कानून राजनीति कैसे कर रही है? निशिकांत दुबे ने कहा कि ईडी की ओर से अवैध खनन मामले में गिरफ्तार सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के खिलाफ दायर आरोप पत्र में कई खुलासे किये गये हैं। उन्होंने कहा कि साहिबगंज में आठ करोड़ रुपये कैश जमाकर गंगा नदी में पानी जहाज संचालन के लिए घाट लिया गया, जबकि देश में यह नियम है कि 20 हजार से ज्यादा कैश जमा नहीं किया जा सकता। दो लाख से ज्यादा कैश का ट्रांजेक्शन नहीं होता है। इसके बावजूद पंकज मिश्रा के खाते में 20 से 22 करोड़ रुपये नकद जमा कराये गये। ईडी ने पंकज मिश्रा के ठिकाने से हेमंत सोरेन का पासबुक, चेकबुक और सादे कागज पर हस्ताक्षर को जब्त किया है। इन पैसों को विदेशों में भेजा गया।

### शरीर का सरफेस...

का औसत डायमीटर काफी कम होता है। वैसे तो बॉडी सरफेस एरिया के सामने दोनों की ही धमनियों के डायमीटर का माप महत्वपूर्ण नहीं होता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का मानना है कि एशियाई लोग, विशेषकर भारतीयों को धमनियों का डायमीटर कम होने के चलते इनमें फैट डिपॉजिट होने का खतरा ज्यादा होता है। यह शोध साबित करती है कि भारतीय लोगों की धमनियां छोटी नहीं होती हैं। उन्हें कोरोनरी आर्टरी डिजीज का खतरा शरीर के सरफेस एरिया कम होने की वजह से होता है।

### अनिश्चितताओं के बावजूद...

भविष्य को सुंदर बनाने के लक्ष्य के साथ मिलकर चलें। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत तेजी से आर्थिक वृद्धि कर रहा है। इस समय भारत जिस ऊंचाई पर है यहां से देश को निरंतर आगे ही बढ़ना है। पिछले वर्ष भारत ने करीब 84 अरब डालर का रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल किया था। भारतीय अर्थव्यवस्था की जड़े मजबूत हैं।

